समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# भारत का AMCA प्रोजेक्ट मंजूर : देश मे बंनेगा पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट, पाकिस्तान-चीन की बढ़ेगी चिंता।

Publisher

Published on 27 May 2025




## भारत मे विकसित होगा फिफ्थ जनरेशन स्टील्थ फाइटर जेट, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने AMCA प्रोजेक्ट को दी हरी झंडी – चीन और पाकिस्तान के लिए बनेगा सिरदर्द।

**नई दिल्ली, 27 मई 2025:** भारत ने आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को स्वदेशी **एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA)** प्रोजेक्ट को आधिकारिक मंजूरी दे दी। इस निर्णय से भारत न केवल तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अपने पड़ोसी देशों **पाकिस्तान और चीन** को भी स्पष्ट संदेश देगा।

**क्या है AMCA प्रोजेक्ट ?**

AMCA (Advanced Medium Combat Aircraft) भारत का **पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान** होगा, जिसे पूरी तरह देश में ही डिज़ाइन और विकसित किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट **एयरोनॉटिकल डेवलपमेटं एजेसी (ADA)** द्वारा सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों की साझेदारी से आगे बढ़ाया जाएगा।

इस फाइटर जेट में **स्टील्थ तकनीक, सुपरसोनिक गति, और मल्टीरोल** क्षमताएं होंगी, जो इसे भारत की वायुसेना के लिए एक शक्तिशाली संपत्ति बनाएंगी।

**चीन-पाकिस्तान को जवाब**

जब पाकिस्तान चीन से फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट्स खरीद रहा है और **अमेरिका-रूस** भारत पर दबाव बना रहे हैं, ऐसे समय में भारत का यह कदम रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। **AMCA** के आने से भारत विदेशी विमानों पर निर्भर नहीं रहेगा और खुद के डिजाइन पर भरोसा कर सकेगा।

### सार्वजनिक और निजी कंपनियों को मिलेगा बराबर मौका

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह प्रोजेक्ट सार्वजनिक और निजी कंपनियों दोनों के लिए खुला रहेगा। वे **स्वतंत्र रूप से, संयुक्त उपक्रम या संघ के रूप मे** इंसमें हिस्सा ले सकेंगी। यह मॉडल भारत में **एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी** तंत्र को मजबूत करेगा और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के विकास को बढ़ावा देगा।

### क्या है लागत और लक्ष्य ?

इस परियोजना की शुरुआती लागत करीब **15,000 करोड़** रुपये आंकी गई है। **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता वाली **कैबिनेट सुरक्षा समिति (CCS)** ने पहले ही इस योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। यह प्रोजेक्ट **तेजस लड़ाकू विमान** की सफलता के बाद भारत की अगली बड़ी छलांग मानी जा रही है।

### दुनिया मे किन देशों के पास है फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट्स ?

वर्तमान में केवल **अमेरिका, रूस और चीन** के पास पूरी तरह ऑपरेशनल पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट्स हैं। भारत का **AMCA** इस सूची में शामिल होने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.